प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे पर आज वायुसेना के फाइटर जेट्स ने किया अभ्यास : आपदा के समय इस एक्सप्रेस–वे से रात में उड़ान भर सकेंगे लड़ाकू विमान।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की : कहा– युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता।
3. कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लखनऊ में राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को किया संबोधित : कहा– कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान को मिल रहा है बढ़ावा।

और

4. प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में तेज़ हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला जारी : बिजली गिरने से फिरोज़ाबाद और जालौन में चार लोगों ने गंवाई जान।

————————

शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे पर बनी हवाई पट्टी पर आज वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। इस अभ्यास का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेस–वे को वैकल्पिक रन–वे के रूप में इस्तेमाल करना है। राफेल, सुखोई और जगुआर जैसे विमानों ने बरेली से

उड़ान भरी और जलालाबाद में बने इस रनवे पर टच डाउन किया। प्रदेश के राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसके एक्सप्रेस–वे पर लड़ाकू विमान रात में लैंडिंग कर सकेंगे।

बाइट.....

*देश में पहली बार नाइट लैंडिंग की व्यवस्था हमारे उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर हो रही है। बहुत ही अभूतपूर्व है। ये दिखाता है कि हमने न केवल विकसित भारत का संकल्प लिया है, बल्कि धरातल पर उस संकल्प के लिये काम भी किया है। ये बहुत ऐतिहासिक काम हो रहा है। पूरे देश में इसकी सराहना की है और ये दिखाता है कि हमारा देश और क्षमतावान बनके आगे बढ़ रहा है।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्राविधिक और व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश और व्यवहारिक प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने पर बल दिया। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत अच्छा प्रदर्शन कर रहे राजकीय और अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की सराहना की। उन्होंने निजी संस्थानों को भी इस रैंकिंग में सम्मिलित करने के निर्देश दिए ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकें। श्री योगी ने विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तिप्र क्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की युवाशक्ति को तकनीकी रूप*

*से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर विकसित करने के लिए सरकार जल्दी ही प्रदेश में एआई अपस्किलिंग प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने इसके लिए कार्य योजना तैयार की है। इस कार्य योजना के अनुसार, प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग और सचिवालय प्रशासन अपस्किलिंग प्रोग्राम चलाएंगे। प्रत्येक माह प्रदेश के डेढ़ लाख लोगों को एआई आधारित तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा।

———————

प्रदेश सरकार ने समूह ग के लिए अनिवार्य प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा पीईटी की वैधता की अवधि को तीन वर्ष कर दिया है। इससे उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की इस परीक्षा को पास करने के बाद अब अभ्यर्थी तीन वर्ष तक समूह ग की भर्तियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले यह समय सीमा एक वर्ष की थी। इस संबंध में भेजे गये संशोधित शासनादेश के मुताबिक इसका लाभ वर्ष दो हजार पचीस में या उसके बाद आयोजित होने वाली पीईटी परीक्षा के अभ्यर्थियों को मिलेगा।

———————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी– 2025 में पेपर लीक की अफवाह फैलाने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए एनटीए ने एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया था, जिस पर अभी तक पेपर लीक के 1500 से ज्यादा दावे रिपोर्ट किए गए हैं। एनटीए ने गलत सूचना फैलाने और छात्रों को गुमराह करने वाले 106 टेलीग्राम और 16 इंस्टाग्राम चनलों को तुरंत हटाने को कहा है। नीट यूजो 2025 की परीक्षा 4 मई को होनी है।

————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज लखनऊ में राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच और शोध आधारित नवाचार को बढ़ावा देना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसंधान के लिए विशेष कदम उठा रही है। बाइट....

*आपकी खेती की चुनौतियों के लिये अनुसंधान करना भी जरूरी है। ऐसा हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है, जहां जय जवान जय किसान वहीं पर जय विज्ञान ओर जय अनुसंधान भी है। इस साल हम लोगों ने रिसर्च के लिये 25 करोड़ रुपया अलग से व्यवस्था किया है कि जिससे जो जलवायु परिवर्तन हो रहा है और उसका जो दुष्प्रभाव बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में बढ़ने वाला है बिना अनुसंधान के उसका समाधान नहीं हो रहा है।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े को मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के माध्यम से रिसाइकल करके खाद और नई चीजों का निर्माण किया जाएगा। उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एस.एम.शर्मा ने बताया कि इस पहल के ज़रिए पर्यावरण संरक्षण भी होगा। श्री शर्मा ने बताया कि गर्मियों में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे कई विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। बाइट....

*हमारी काफी सारी जो स्पेशल ट्रेनहै अभी अप्रूड हुई है। एक लखनऊ से लेकर मुंबई के लिये हुई है। डुप्लीकेट एक्सप्रेस एक हमारी अयोध्या से दिल्ली के लिये हुई है। बनारस एपीडी के हुई है तो ये गाड़िया हुई है। बाकी हम लोग रेगुलरली मानिटर कर रहे है जो भी वेटिंग लिस्ट है और अगर हमें चाहिये तो हम स्पेशल ट्रेन आन डिमांड चला देंगे। वीकेंड पर अगर भीड़ लगती है तो हम चलायेंगे।*

—————

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए

अयोध्या पहुंचे हैं। मंदिर निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 5 जून को राम दरबार में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसके लिए अनुष्ठान 3 जून से ही शुरू हो जाएंगे। श्री मिश्र ने बताया कि भूतल के दरवाजे और शिखर पर सोने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवम्बर के अंत तक पूरा मंदिर हैंडओवर कर दिया जाएगा। बाइट.....

*अभी हैंडओवर करके दिया गया है, जो श्रद्धालु सुविधा केन्द्र है वह पूरा हो गया है, तो हैंडओवर कर दिया गया है, तो धीरे–धीरे हैंडओवर का कार्य निश्चित रूप से नवम्बर तक हो जायेगा। मेरा अनुमान है कि मुख्य मंदिर भी अगस्त के अंत या सितम्बर में हैंडओवर होगा।*

————————

वेव्स शिखर सम्मेलन में आज वैश्विक मीडिया संवाद शुरू हुआ। विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवाचार ऊंचाई तक पहुंचने की कुंजी है, जो 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करेगी। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संस्कृति ही रचनात्मकता को प्रेरित करती है और यह सीमाओं के पार भी लोगों को जोड़ देती है। कार्यक्रम के दौरान सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित रहे।

————————

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा–अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

———————

प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में आज सुबह से ही तेज़ हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला जारी रहा। वहीं आकाशीय बिजली गिरने से फिरोज़ाबाद में 3 और जालौन में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहानि और पशुहानि की घटनाओं में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत राशि देने का आदेश दिया है। मासम विभाग ने कल भी राज्य के पूर्वी औऱ पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या के आचाय नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित 22वे अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय खेलकूद महोत्सव में 24 राज्यों से 56 कृषि विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

———————

आईपीएल में आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाईटन्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है।

(समाप्त)